futuretopper.in

Series EF1GH/2

SET~3

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **67/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : **3** घण्टे
Time allowed : **3** hours

अधिकतम अंक : **80**
Maximum Marks : **80**

नोट / NOTE :

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।
Please check that this question paper contains **31** printed pages.

(ii) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(1) *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(2) *प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित है –* ***भाग – क*** *तथा* ***भाग – ख*** *।*

(3) ***भाग– क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।*

(4) ***भाग – ख*** *के* ***दो*** *विकल्प हैं – (I) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (II) अभिकलित्र लेखांकन। परीक्षार्थियों को* ***भाग – ख*** *में चयनित विषय के अनुसार केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

(5) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *तथा* ***27*** *से* ***30*** *तक* ***एक–एक*** *अंक के प्रश्न हैं।*

(6) *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20, 31*** *तथा* ***32*** ***तीन–तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं।*

(7) *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *तथा* ***33*** ***चार–चार*** *अंकों के प्रश्न हैं।*

(8) *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *तथा* ***34*** ***छः–छः*** *अंकों के प्रश्न हैं।*

(9) *प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि,* ***एक–एक*** *अंक के* ***7*** *प्रश्नों में,* ***तीन–तीन*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में,* ***चार–चार*** *अंकों के* ***1*** *प्रश्न में तथा* ***छः–छः*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग – क

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (A) शुद्ध परिसम्पत्तियाँ घटा पूँजी संचय है :

(a) क्रय मूल्य (b) ख्याति

(c) कुल परिसम्पत्तियाँ (d) तरल परिसम्पत्तियाँ **1**

अथवा

(B) जब एक कम्पनी अंशों को प्रीमियम पर निर्गमित करती है तो कंपनी द्वारा निम्न के साथ प्रतिभूति प्रीमियम की राशि एकत्रित की जा सकती है :

(a) आवेदन राशि (b) आबंटन राशि

(c) याचना राशि (d) उपरोक्त में से किसी के भी साथ **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(1) *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

(2) *This question paper is divided into* ***two*** *Parts –* ***Part – A*** *and* ***Part – B****.*

(3) ***Part – A*** *is compulsory for all candidates.*

(4) ***Part – B*** *has* ***two*** *options i.e. (I) Analysis of Financial Statements and (II) Computerised Accounting. Candidates must attempt only* ***one*** *of the given options as per the subject opted.*

(5) *Question number* ***1*** *to* ***16*** *and* ***27*** *to* ***30*** *carries 1 mark each.*

(6) *Question number* ***17*** *to* ***20, 31*** *and* ***32*** *carries* ***3*** *marks each.*

(7) *Question number* ***21, 22*** *and* ***33*** *carries* ***4*** *marks each.*

(8) *Question number* ***23*** *to* ***26*** *and* ***34*** *carries* ***6*** *marks each.*

(9) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***7*** *questions of* ***one*** *mark,* ***2*** *questions of* ***three*** *marks,* ***1*** *question of* ***4*** *marks and* ***2*** *questions of* ***six*** *marks.*

PART – A

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (A) Net Assets minus capital reserve is :

(a) Purchase consideration (b) Goodwill

(c) Total Assets (d) Liquid Assets **1**

OR

(B) When a company issues shares at a premium, the company can collect securities premium along with the following :

(a) Application money (b) Allotment money

(c) Call money (d) Any of the above **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. (A) राम तथा मोहन साझेदार थे तथा उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थी। उनके साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देय था। 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 30,000 था। 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रत्येक साझेदार के चालू खाते के जमा पक्ष में खतौनी की गई पूँजी पर ब्याज की राशि थी : **1**

(a) राम ₹ 30,000 तथा मोहन ₹ 20,000 (b) राम ₹ 20,000 तथा मोहन ₹ 10,000

(c) राम ₹ 18,000 तथा मोहन ₹ 12,000 (d) राम ₹ 30,000 तथा मोहन शून्य

अथवा

(B) अनु, बिन्दु तथा सिया एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। सिया को यह गारंटी दी गई थी कि लाभ में उसका भाग ₹ 50,000 से कम नहीं होगा। 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 2,00,000 था। अनु द्वारा वहन की गई घाटे की राशि थी :

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 2,500

(c) ₹ 75,000 (d) ₹ 5,000 **1**

3. रोहित तथा मोहित एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31.3.2021 को उनके पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 1,09,000 तथा ₹ 66,000 का जमा शेष था। 1 अप्रैल, 2021 को उन्होंने साहिल को लाभ में 1/5वें भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया। साहिल अपने ख्याति प्रीमियम भाग के लिए ₹ 25,000 लाया। वह नये लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार पूँजी का योगदान करने के लिए सहमत था। साहिल द्वारा लाई गई पूँजी की राशि थी :

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 32,000

(c) ₹ 12,50,000 (d) ₹ 50,000 **1**

4. रीटा तथा उषा एक फर्म की साझेदार थीं तथा लाभ-हानि का विभाजन 3:5 के अनुपात में करती थीं। वर्ष के दौरान उषा ने प्रत्येक माह के अन्त में ₹ 15,000 का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 8% वार्षिक दर से लगाया जाएगा। आहरण पर ब्याज की गणना के लिए औसत अवधि होगी :

(a) 4½ महीने (b) 6 महीने

(c) 6½ महीने (d) 5½ महीने **1**

5. एक फर्म के पुनर्गठन पर, भूमि के मूल्य को ₹ 2,00,000 बढ़ाना था तथा संयंत्र एवं मशीनरी का मूल्य ₹ 10,00,000 से ₹ 7,00,000 तक कम करना था।

पुनर्मूल्यांकन पर लाभ/हानि होगी :

(a) लाभ ₹ 1,00,000 (b) हानि ₹ 1,00,000

(c) हानि ₹ 5,00,000 (d) लाभ ₹ 5,00,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. (A) Ram and Mohan were partners with fixed capitals of ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. As per their partnership deed, interest on capital was allowed @ 10% p.a. Net profit for the year ended 31st March, 2022 was ₹ 30,000. The amount of interest on capital was credited to each partner's current account for the year ended 31st March, 2022 was :

(a) Ram ₹ 30,000 and Mohan ₹ 20,000
(b) Ram ₹ 20,000 and Mohan ₹ 10,000
(c) Ram ₹ 18,000 and Mohan ₹ 12,000
(d) Ram ₹ 30,000 and Mohan Nil **1**

OR

(B) Anu, Bindu and Siya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:2:1. Siya was guaranteed that her share of profit will not be less than ₹ 50,000. The firm's profit for the year ended 31st March, 2022 was ₹ 2,00,000. The amount of deficiency to be borne by Anu was :

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 2,500
(c) ₹ 75,000 (d) ₹ 5,000 **1**

3. Rohit and Mohit were partners sharing profits and losses in the ratio of 2:1. Their capital accounts as on 31.3.2021 had a credit balance of ₹ 1,09,000 and ₹ 66,000 respectively. They admitted Sahil as a new partner on 1st April, 2021 for 1/5th share in profits. Sahil brought ₹ 25,000 as his share of goodwill premium. He agreed to contribute capital in new profit-sharing ratio. The amount of capital brought by Sahil was :

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 32,000
(c) ₹ 12,50,000 (d) ₹ 50,000 **1**

4. Rita and Usha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3:5. During the year Usha withdrew ₹ 15,000 at the end of each month. Interest on drawings is to be charged @ 8% p.a. The average period for the calculation of interest on drawings will be :

(a) 4½ months (b) 6 months
(c) 6½ months (d) 5½ month **1**

5. On the reconstitution of a firm, the value of the land was appreciated by ₹ 2,00,000 and plant and machinery reduced to ₹ 7,00,000 from ₹ 10,00,000. Gain or loss on revaluation will be :

(a) Gain ₹ 1,00,000 (b) Loss ₹ 1,00,000
(c) Loss ₹ 5,00,000 (d) Gain ₹ 5,00,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. अंशों के हरण के समय, अंश पूँजी खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाती है :

(a) अंशों पर अयाचित राशि से ।
(b) अंशों पर प्रदत्त राशि से ।
(c) अंशों पर याचित राशि से ।
(d) अंशों पर भुगतान न की गई राशि से । **1**

7. ईलीट लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 9 % ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित किया, जिनका शोधन प्रीमियम पर किया जाएगा । इन ऋणपत्रों के निर्गमन पर 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते' के नाम-पक्ष में खतौनी ₹ 4,00,000 से की गई । ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम की राशि है :

(a) ₹ 4,00,000
(b) ₹ 2,00,000
(c) ₹ 6,00,000
(d) ₹ 10,00,000 **1**

8. गोपाल, कृष्णा तथा गोविंद साझेदार थे तथा 5:4:3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2022 को कृष्णा सेवानिवृत्त हो गया । गोपाल तथा गोविंद ने लाभ में उसके भाग को ₹ 1,20,000 का भुगतान करके क्रय कर लिया । ₹ 80,000 का भुगतान गोपाल ने तथा ₹ 40,000 का भुगतान गोविंद ने किया । अधिलाभ अनुपात है :

(a) 1 : 2
(b) 5 : 3
(c) 1 : 1
(d) 2 : 1 **1**

9. **अभिकथन (A) :** परिवर्तनशील पूँजी विधि के अन्तर्गत पूँजी खातों का शेष समय-समय पर परिवर्तित होता है ।

कारण (R) : परिवर्तनशील पूँजी विधि में सभी समायोजन जैसे लाभ-हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज, आहरण, आहरण पर ब्याज आदि का लेखा सीधे साझेदारों के पूँजी खातों में किया जाता है ।

(a) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(b) दोनों (A) तथा (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) दोनों (A) तथा (R) गलत हैं ।
(d) दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है । **1**

10. प्रतिभूतियों को प्रस्तावित करना या प्रतिभूतियों के अभिदान के लिए किसी कम्पनी द्वारा व्यक्तियों के एक चयनित समूह को आमंत्रित करना (सार्वजनिक आमंत्रण के माध्यम के अलावा), जाना जाता है :

(a) अंशों का निजी निर्गमन
(b) स्वैट इक्विटी
(c) निगमन लागत
(d) कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

6. At the time of forfeiture of shares, share capital account is debited with :
   (a) Uncalled amount on shares (b) Paid up amount on shares
   (c) Called up amount on shares (d) Unpaid amount on shares **1**

7. Elite Ltd. issued 20,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium. On issue of these debentures, 'Loss on issue of debentures account' was debited with ₹ 4,00,000. The premium on redemption of debentures is :
   (a) ₹ 4,00,000 (b) ₹ 2,00,000
   (c) ₹ 6,00,000 (d) ₹ 10,00,000 **1**

8. Gopal, Krishna and Govind were partners sharing profits and losses in the ratio of 5:4:3. Krishna retired on 1st April, 2022. Gopal and Govind purchased his share of profit by giving him ₹ 1,20,000. ₹ 80,000 was paid by Gopal and ₹ 40,000 by Govind. Gaining ratio is :
   (a) 1 : 2 (b) 5 : 3
   (c) 1 : 1 (d) 2 : 1 **1**

9. **Assertion (A) :** Under the fluctuating capital method, the balance in the capital account fluctuates from time to time.
   Reason (R) : Under the fluctuating capital method, all the adjustments such as share of profit and loss, interest on capital, drawings, interest on drawings etc. are recorded directly in the capital accounts of the partners.
   (a) (A) is correct but (R) is wrong.
   (b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
   (c) Both (A) and (R) are incorrect.
   (d) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A). **1**

10. Offer of securities or invitation to subscribe securities to a select group of persons by a company (other than by way of public offer) is known as :
   (a) Private placement of shares (b) Sweat equity
   (c) Incorporation cost (d) Employee stock option plan **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. (A) एक साझेदारी फर्म के चार साझेदार हैं । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार व्यवसाय में और कितने अतिरिक्त साझेदारों को प्रवेश दिया जा सकता है ?

(a) 50 (b) 46
(c) 100 (d) 96 **1**

अथवा

(B) अमित तथा सुमित एक फर्म के साझेदार थे तथा उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 6,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । कवि को फर्म के लाभ में 1/5वें भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । कवि अपने ख्याति प्रीमियम के भाग के रूप में ₹ 40,000 तथा अपनी पूँजी के लिए 3,00,000 लाया । सुमित के जमा पक्ष में खतौनी की गई ख्याति प्रीमियम की राशि होगी :

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 24,000
(c) ₹ 16,000 (d) ₹ 40,000 **1**

12. एक विघटित साझेदारी फर्म की कुल परिसम्पत्तियाँ ₹ 30,00,000 तथा इसकी कुल देयताएँ ₹ 6,00,000 थीं । परिसम्पत्तियों की वसूली 80% पर हुई तथा देयताओं का निपटान 5% कम पर किया गया । यदि विघटन व्यय ₹ 30,000 थे, तो विघटन पर लाभ अथवा हानि थी :

(a) लाभ ₹ 18,00,000 (b) हानि ₹ 6,00,000
(c) लाभ ₹ 6,00,000 (d) हानि ₹ 18,00,000 **1**

13. (A) राधे लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के पूर्ण याचित 500 अंशों को ₹ 3 प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इनमें से 300 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया । पूँजी संचय खाते के जमा पक्ष में खतौनी की गई राशि थी :

(a) ₹ 1,500 (b) ₹ 2,100
(c) ₹ 3,200 (d) ₹ 1,800 **1**

अथवा

(B) एक कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 1000 अंशों, जिस पर ₹ 7 याचित थे, ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । इन सभी अंशों को ₹ 5 प्रति अंश, ₹ 7 प्रदत्त पर पुन:निर्गमित कर दिया गया । पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित राशि थी :

(a) ₹ 2,000 (b) ₹ 3,000
(c) ₹ 4,000 (d) ₹ 5,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. (A) A partnership firm has four partners. How many additional partners can be admitted into the business as per the provisions of the Companies Act, 2013 ?

(a) 50 (b) 46

(c) 100 (d) 96 **1**

OR

(B) Amit and Sumit were partners in a firm with fixed capitals of ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. Kavi was admitted as a new partner for 1/5th share in the profit of the firm. Kavi brought ₹ 40,000 as his share of goodwill premium and ₹ 3,00,000 as his capital.

The amount of Goodwill premium credited to Sumit will be :

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 24,000

(c) ₹ 16,000 (d) ₹ 40,000 **1**

12. Total assets of a partnership firm, which was dissolved were ₹ 30,00,000 and its total liabilities were ₹ 6,00,000. Assets were realised at 80% and liabilities were settled at 5% less. If dissolution expenses were ₹ 30,000, the profit or loss on dissolution was :

(a) Profit ₹ 18,00,000 (b) Loss ₹ 6,00,000

(c) Profit ₹ 6,00,000 (d) Loss ₹ 18,00,000 **1**

13. (A) Radhe Ltd. forfeited 500 shares of ₹ 10 each fully called up for non-payment of final call of ₹ 3 per share. 300 of these shares were reissued at ₹ 8 per share as fully paid-up. The amount credited to Capital Reserve Account was :

(a) ₹ 1,500 (b) ₹ 2,100

(c) ₹ 3,200 (d) ₹ 1,800 **1**

OR

(B) A Company forfeited 1000 shares of ₹ 10 each, ₹ 7 called up for non-payment of first call of ₹ 2 per share. All these shares were reissued at ₹ 5 per share ₹ 7 paid up. The amount transferred to Capital Reserve Account was :

(a) ₹ 2,000 (b) ₹ 3,000

(c) ₹ 4,000 (d) ₹ 5,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

निम्न काल्पनिक परिस्थिति को पढ़िए तथा इसके आधार पर प्रश्न संख्या **14** तथा **15** के उत्तर दीजिए :

रुद्र, देव तथा शिव एक फर्म के साझेदार थे तथा 5:3:2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 6,00,000, ₹ 4,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । पूँजी के अतिरिक्त शिव ने फर्म को ₹ 75,000 का ऋण दिया हुआ था । उनके साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज ।

(ii) साझेदारों के आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज ।

(iii) रुद्र को ₹ 30,000 मासिक तथा देव को ₹ 40,000 प्रति तिमाही वेतन ।

(iv) शिव के ऋण पर 9% वार्षिक दर से ब्याज ।

वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही के अन्त में रुद्र ने ₹ 50,000 का आहरण किया; देव ने प्रत्येक अर्धवर्ष के आरम्भ में ₹ 50,000 का आहरण किया तथा शिव ने प्रत्येक अर्धवर्ष के अन्त में ₹ 70,000 का आहरण किया ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में शिव के ऋण पर ब्याज से पूर्व फर्म का लाभ ₹ 7,06,750 था ।

14. लाभ-हानि विनियोजन खाते में कितना शुद्ध लाभ हस्तांतरित किया जायेगा ?

(a) ₹ 7,06,750 (b) ₹ 7,02,250

(c) ₹ 7,00,000 (d) ₹ 7,13,000 **1**

15. साझेदारों द्वारा आहरण पर ब्याज की राशि होगी :

(a) रुद्र ₹ 2,250; देव ₹ 4,500 तथा शिव ₹ 2,100

(b) रुद्र ₹ 9,000; देव ₹ 9,000 तथा शिव ₹ 4,200

(c) रुद्र ₹ 4,500; देव ₹ 4,500 तथा शिव ₹ 2,100

(d) रुद्र ₹ 24,000; देव ₹ 12,000 तथा शिव ₹ 16,800 **1**

16. (A) एक नए साझेदार के प्रवेश पर पुराने साझेदार परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं देयताओं के पुनर्निर्धारण पर होने वाले लाभ या हानि को निम्न में से किस अनुपात में बाँटेंगे :

(a) बराबर-बराबर (b) पुराने लाभ-विभाजन अनुपात में

(c) नए लाभ-विभाजन अनुपात में (d) त्याग अनुपात में **1**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Read the following hypothetical situation and answer question no. **14** and **15** on its basis :

Rudra, Dev and Shiv were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5:3:2. Their fixed capitals were ₹ 6,00,000, ₹ 4,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Besides his capital Shiv had given a loan of ₹ 75,000 to the firm. Their partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 9% p.a.

(ii) Interest on partner's drawings @ 12% p.a.

(iii) Salary to Rudra ₹ 30,000 per month and to Dev ₹ 40,000 per quarter.

(iv) Interest on Shiv's loan @ 9% p.a.

During the year Rudra withdrew ₹ 50,000 at the end of each quarter; Dev withdrew ₹ 50,000 in the beginning of each half year and Shiv withdrew ₹ 70,000 at the end of each half year.

The profit of the firm for the year ended 31-3-2022 before allowing interest on Shiv's loan was ₹ 7,06,750.

14. How much amount of net profit will be transferred to Profit and Loss Appropriation A/c ?

(a) ₹ 7,06,750 (b) ₹ 7,02,250

(c) ₹ 7,00,000 (d) ₹ 7,13,000 **1**

15. What will the amount of interest on drawings of the partners ?

(a) Rudra ₹ 2,250; Dev ₹ 4,500 and Shiv ₹ 2,100

(b) Rudra ₹ 9,000; Dev ₹ 9,000 and Shiv ₹ 4,200

(c) Rudra ₹ 4,500; Dev ₹ 4,500 and Shiv ₹ 2,100

(d) Rudra ₹ 24,000; Dev ₹ 12,000 and Shiv ₹ 16,800 **1**

16. (A) On admission of a new partner, the old partners share the gain or loss on revaluation of assets and reassessment of liabilities in which of the following ratio :

(a) Equally (b) In old profit sharing ratio

(c) In new profit sharing ratio (d) In sacrificing ratio **1**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(B) आशा और निशा एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं । लाभों में 1/4वें भाग के लिए चारु को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया गया जो उसने आशा एवं निशा से बराबर-बराबर भाग में लिया । आशा, निशा एवं चारु का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(a) 3 : 1 : 4 (b) 1 : 1 : 2
(c) 5 : 1 : 2 (d) 1 : 2 : 1 **1**

17. (a) मोहन, सोहन तथा सुरेश एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । सुरेश को ₹ 70,000 लाभ की गारंटी दी गई थी । सुरेश को दी गई गारंटी में हुई किसी भी कमी को मोहन तथा सोहन 3:2 के अनुपात में वहन करेंगे । 31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 2,00,000 था ।
31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । **3**

अथवा

(b) क तथा ख एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ बराबर बाँटते थे । उनकी पूँजी थी : क ₹ 1,20,000 तथा ख ₹ 80,000 । ब्याज की वार्षिक दर 20% है । फर्म का पिछले तीन वर्षों का लाभ ₹ 34,000, ₹ 38,000 तथा ₹ 30,000 था । उन्होंने ग को एक नया साझेदार बनाया । ग के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के दो वर्षों के क्रय के आधार पर किया गया ।
ग के प्रवेश पर फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए । **3**

18. मीता, गीता तथा मोहित एक फर्म के साझेदार थे तथा 5:3:2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने 2:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करने के लिए आपस में सहमति की । यह सहमति हुई कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,40,000 था ।
(ii) परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण पर लाभ ₹ 1,20,000 था ।
फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपनी कार्य-टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । **3**

19. विभा, सुधा तथा आशीष एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:3:1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । सुधा सेवानिवृत्त हो गई तथा संचयों, परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन व देयताओं के पुनर्निर्धारण सम्बन्धी सभी आवश्यक समायोजन करने के पश्चात उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 85,000 था । विभा तथा आशीष सुधा को उसके खाते के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 1,15,000 देने के लिए सहमत हुए । सुधा की सेवानिवृत्ति पर ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(B) Asha and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio 3:1. Charu was admitted as a new partner for 1/4th share in the profits of the firm which she acquired equally from Asha and Nisha. The new profit sharing ratio of Asha, Nisha and Charu will be :

(a) 3 : 1 : 4 (b) 1 : 1 : 2

(c) 5 : 1 : 2 (d) 1 : 2 : 1 **1**

17. (a) Mohan, Sohan and Suresh were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:2:1. Suresh was guaranteed a profit of ₹ 70,000. Any deficiency on account of guarantee to Suresh was to be borne by Mohan and Sohan in 3:2 ratio. The profit of the firm for the year ended 31.3.2022 amounted to ₹ 2,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31.3.2022. **3**

OR

(b) A and B were partners in a firm sharing profits equally. Their capitals were : A ₹ 1,20,000 and B ₹ 80,000. The annual rate of interest is 20%. The profits of the firm for the last three years were ₹ 34,000; ₹ 38,000 and ₹ 30,000. They admitted C as a new partner. On C's admission the goodwill of the firm was valued at 2 years purchase of the super profits.

Calculate the value of goodwill of the firm on C's admission. **3**

18. Mita, Geeta and Mohit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. With effect from 1st April, 2022, they mutually agreed to share profits and losses in the ratio of 2:2:1. It was agreed that :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,40,000.

(ii) Profit on revaluation of assets and re-assessment of liabilities amounted to ₹ 1,20,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. Show your working notes clearly. **3**

19. Vibha, Sudha and Ashish were partners in a firm sharing profits in the ratio 2:3:1. Sudha retired and the balance in her capital account after making necessary adjustments on account of reserves, revaluation of assets and re-assessment of liabilities was ₹ 85,000. Vibha and Ashish agreed to pay Sudha ₹ 1,15,000 in full settlement of her claim. Record the necessary journal entry for goodwill on Sudha's retirement. **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. (a) सिनको लिमिटेड ने डिक्सन लिमिटेड से ₹ 1,98,000 के पुस्तकीय मूल्य की परिसम्पत्तियों का क्रय किया । यह सहमति हुई कि क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को निर्गमित करके किया जाएगा ।

सिनको लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए यह मानते हुए कि ऋणपत्रों का निर्गमन : **3**

(i) 10% बट्टे पर किया गया । (ii) 10% प्रीमियम पर किया गया ।

अथवा

(b) 1.4.2021 को वाई लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 9% ऋणपत्रों को 6% बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । संपूर्ण राशि आवेदन पर देय थी । 12,000, 9% ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर 9% ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि वापिस कर दी गई । 31.3.2022 को कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार ऋणपत्र निर्गमन पर बट्टे को अपलिखित करने का निर्णय किया । उस तिथि को कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम संचय खाते में ₹ 10,000 का शेष था ।

कम्पनी की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

21. ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त सरस्वती लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 10,00,000 है । कम्पनी की अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त अंश पूँजी ₹ 4,00,000 थी । अपनी नई वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 20,000 समता अंशों का निर्गमन किया जो निम्न प्रकार से देय थे :

₹ 3 आवेदन पर; ₹ 3 आबंटन पर, ₹ 2 प्रथम याचना पर तथा ₹ 2 दूसरी एवं अन्तिम याचना पर । निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । आबंटन राशि का भुगतान 1 मई, 2021 को, प्रथम याचना राशि का 1 अगस्त, 2021 को तथा अन्तिम याचना का 1 अक्टूबर, 2021 को देय था । एक्स, जिसे 1000 अंशों का आबंटन किया गया था, ने आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान नहीं किया; 600 अंशों के एक आबंटी वाई ने दोनों याचनाओं का भुगतान नहीं किया; तथा ज़ैड ने, जिसे 400 अंशों का आबंटन किया गया था, अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी की अंश पूँजी को इसके स्थिति विवरण में प्रस्तुत कीजिए । इसी के लिए खातों के नोट्स भी तैयार कीजिए । **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

20. (a) Sinco Ltd. purchased assets of the book value of ₹ 1,98,000 from Dixon Ltd. It was agreed that the purchase consideration be paid by issuing 10% debentures of ₹ 100 each.

Record the necessary journal entries in the books of Sinco Ltd. assuming that the debentures have been issued : **3**

(i) At a discount of 10%. (ii) At a premium of 10%.

OR

(b) On 1.4.2021 Y Ltd. invited applications for issuing 10,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 6%. The entire amount was payable with application. Application for 12,000, 9% debentures were received. 9% debentures were allotted on pro-rata basis to all the applicants. Excess money received with applications was refunded. On 31.3.2022 the company decided to write off discount on issue of debentures according to the provisions of the Companies Act, 2013. On that date the company had ₹ 10,000 in its securities premium reserve account.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company. **3**

21. Saraswati Ltd. has an authorised capital of ₹ 10,00,000 divided into equity shares of ₹ 10 each. Subscribed and fully paid up share capital of the company was ₹ 4,00,000. To meet its new financial requirements, the company issued 20,000 equity shares of ₹ 10 each which were payable as follows : ₹ 3 on application; ₹ 3 on allotment, ₹ 2 on first call and ₹ 2 on second and final call. The issue was fully subscribed. The allotment money was payable on 1st May 2021, first call money on 1st August 2021 and final call on 1st October 2021. X whom 1000 shares were allotted, did not pay the allotment and call money; Y an allotee of 600 shares, did not pay the two calls ; and Z whom 400 shares were allotted, did not pay the final call. Present the share capital in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013. Also prepare Notes to Accounts for the same. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

22. पी, क्यू तथा आर एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:1:2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.3.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31.3.2022 को पी, क्यू तथा आर का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ	राशि (₹)
लेनदार	48,000	बैंक	25,000
देय बिल	22,000	देनदार	75,000
सामान्य संचय	80,000	स्टॉक	2,00,000
2021-22 का लाभ	2,00,000	मशीनरी	3,00,000
पूँजी :		भूमि तथा भवन	10,00,000
पी 5,00,000			
क्यू 2,50,000			
आर 5,00,000	12,50,000		
	16,00,000		**16,00,000**

30 जून, 2022 को 'क्यू' की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी साझेदार की मृत्यु पर उसके निष्पादक निम्न के हकदार होंगे :

